भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 11.03.2024

आरेडिका में मनाया गया विश्व महिला दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 11 मार्च 2024 को महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस कार्यक्रम में आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा सरस्वती वन्दना, महिलाओं के सशक्तिकरण पर वाक्, काव्यपाठ, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विश्व महिला दिवस के आयोजन पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने सभी विजेता महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए।

इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ श्रीमती विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, श्रीमती बीना तिवारी, श्रीमती अनुपमा कपूर, श्रीमती सुधा सिंह एवं अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहीं।

11.3.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी